<u>अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के उम्मीदवार:</u>

1. अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में कितनी छूट होती है?

उत्तर : भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्राप्त करने के हकदार होते हैं।

2. अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या कितनी होगी ?

उत्तर : आरक्षण की स्थिति अर्थात अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी के उम्मीदवारों सहित विभिन्न श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या मांगकर्ता विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई भर्ती मांगों में दर्शायी जाती है। विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तदनुसार आयोग द्वारा भर्ती विज्ञापनों में प्रकाशित की जाती है।

3. क्या अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित है?

उत्तर: अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित है तथा उन्हें आवेदन शुल्क का भुगतान करने में छूट प्राप्त **नहीं** होती है।

4. क्या अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित कोई उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकता है?

उत्तर : अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों के लिए भी आवेदन कर सकता है। तथापि अनारक्षित रिक्तियों के लिए अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी के लिए लागू चयन के मानकों में कोई भी छूट या शिथिलता नहीं दी जाएगी।

5. अन्य पिछड़े वर्ग के किसी उम्मीदवार का अपनी मेरिट पर चयन होने पर उसे आरक्षित रिक्ति अथवा अनारक्षित रिक्ति के लिए समायोजित किया जाएगा?

उत्तर : अन्य पिछड़े वर्गों की श्रेणी से संबंधित वे उम्मीदवार जिनका चयन उन्हें प्राप्त छूट और शिथिल मानदण्डों का लाभ उठाए बगैर उनकी स्वयं की मेरिट पर होता है, उन्हें अनारक्षित रिक्तियों के लिए अनुशंसित किया जाता है। यदि चयन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर चयन में कोई छूट

या शिथिलता मानकों को लागू किए जाते हैं तो ऐसे उम्मीदवारों को केवल संबंधित श्रेणी हेतु आरक्षित रिक्ति के लिए ही चयनित माना जाएगा।

6. अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवार के लिए लागू होने वाले चयन मानकों में छूट और शिथिलताएं क्या हैं?

उत्तर : ऊपरी आयु सीमा में छूट और शुल्क का भुगतान करने में प्राप्त छूट के अतिरिक्त, अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवार सामान्य श्रेणी के लिए अपनाए जाने वाले चयन के मानदण्ड़ों की तुलना में चयन के शिथिल मानदण्ड़ों के हकदार होते हैं। अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवारों हेतु लघुसूची तैयार करने के लिए अपनाए गए मानदण्ड, सामान्य/अनारक्षित श्रेणी के लिए अपनाए जाने वाले मानदंडों से भिन्न हो सकते हैं। अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवार साक्षात्कार में भी चयन के लिए शिथिल मानकों के हकदार हैं।

7. अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार में न्यूनतम उपयुक्तता अंक कितने होते हैं?

उत्तर : साक्षात्कार में उम्मीदवारों को 100 अंकों में से अंक दिए जाते हैं। अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए उपयुक्तता के न्यूनतम मानक अंक 50 हैं; अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार में उपयुक्तता का न्यूनतम स्तर 45 अंक है (शिथिल मानदण्ड़ों के आधार पर)। जिन उम्मीदवारों को चयन के शिथिल मानदण्ड़ों के आधार पर अनुशंसित किया जाता है उनके लिए आयोग द्वारा सेवाकालीन प्रशिक्षण की अनुशंसा की जाती है।